उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित

# UP POLICE

# COMPUTER OPERATOR

# GRADE-A

# सॉल्व्ड पेपर्स, प्रैक्टिस बुक

**एवं**

# परीक्षा प्वाइंटर


**प्रधान सम्पादक**

Anand K. Mahajan

**संपादन एवं संकलन**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण त्रिपाठी, चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All rights reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**₹ 395/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सॉल्व्ड पेपर्स

### भाग-I


- उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-A) परीक्षा, 2025
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 01-11-2025 ........ 1-24


### भाग-II


- उत्तर प्रदेश पुलिस ASI परीक्षा, 2017
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 22-12-2018) ........ 3-27
- उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-A) परीक्षा, 2016
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 19-05-2016, Shift-I) ........ 28-45
- उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर परीक्षा, 2016
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 19-05-2016, Shift-II) ........ 46-63
- उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-A) परीक्षा, 2013
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र ........ 64-80


## प्रैक्टिस सेट


- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर प्रैक्टिस सेट-1 ........ 81-90
- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर
  प्रैक्टिस सेट-1 का व्याख्या सहित हल ........ 91-100
- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर प्रैक्टिस सेट-2 ........ 101-110
- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर
  प्रैक्टिस सेट-2 का व्याख्या सहित हल ........ 111-119
- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर प्रैक्टिस सेट-3 ........ 120-129
- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर
  प्रैक्टिस सेट-3 का व्याख्या सहित हल ........ 130-140
- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर प्रैक्टिस सेट-4 ........ 141-150
- उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर
  प्रैक्टिस सेट-4 का व्याख्या सहित हल ........ 151-160
- परीक्षा प्वाइंटर ........ 161-176

# उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-A) परीक्षा, 2025

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 01-11-2025)

**1. 'Langra' is a famous variety of which fruit grown in Uttar Pradesh?**
**'लंगड़ा' उत्तर प्रदेश में उगाए जाने वाले किस फल की प्रसिद्ध किस्म है?**

(a) Mango/आम (b) Banana/केला
(c) Litchi/लीची (d) Apply/सेब

**Ans. (a) :** लंगड़ा उत्तर प्रदेश के बनारस क्षेत्र में उगाई जाने वाली आम की प्रसिद्ध किस्म है। इस फल का नाम करण एक पुजारी के नाम पर हुआ था जो शारीरिक रूप से विकलांग थे। वर्ष 2023 में बनारसी लगड़ा आम को जीआई टैग मिला था।

**2. Part XVIII of Indian Constitution deals with which of the following?**
**भारतीय संविधान का भाग XVIII** निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) Emergency Provisions/आपातकालीन प्रावधान
(b) Local Government/स्थानीय सरकार
(c) Directive Principle of State Policy राज्य की नीति के निदेशक सिद्धांत
(d) Fundamental Rights/मौलिक अधिकार

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान के प्रमुख भाग-

| | | |
|---|---|---|
| आपातकालीन प्रावधान | - | XVIII |
| मौलिक अधिकार | - | III |
| राज्य के नीति के निदेशक सिद्धांत | - | IV |
| पंचायते | - | IX |

**3. Which is the longest bone in the human body?**
**मानव शरीर की सबसे लम्बी हड्डी कौन-सी है?**

(a) Pelvis/पेल्विस (b) Clavicle/क्लैविकल
(c) Femur/फीमर (d) Fibula/फिबुला

**Ans. (c) :** मानव शरीर की सबसे बड़ी हड्डी 'फीमर' होती है, जिसे जांघ की हड्डी भी कहते हैं। यह कूल्हे से घुटने तक होती है तथा यह शरीर की सबसे मजबूत हड्डी भी है।
* कान की हड्डी 'स्टेपीज' मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी होती है।

**4. Where is the famous statue of Gomateshwara and the renowned Jain temple located?**
**गोमतेश्वर की प्रसिद्ध मूर्ति और प्रसिद्ध जैन मंदिर कहाँ स्थित हैं?**

(a) Mount Abu, Rajasthan/माउंट आबू, राजस्थान
(b) Palitana, Gujarat/पालीताना, गुजरात
(c) Khajuraho, Madhya Pradesh खजुराहो, मध्य प्रदेश
(d) Shravanabelagola, Karnataka श्रवणबेलगोला, कर्नाटक

**Ans. (d) :** गोमतेश्वर की प्रसिद्ध मूर्ति (बाहुबली) और जैन मंदिर श्रवणबेलगोला, कर्नाटक राज्य में स्थित है। यह 57 फीट ऊँची मूर्ति विंध्यगिरि पहाड़ी पर स्थित है तथा जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है। यहाँ प्रत्येक 12 वर्ष में महामस्तकाभिषेक होता है। जिसमें केसर, घी, दूध आदि से अभिषेक किया जाता है।

**5. When did India adopt its National Agroforestry Policy, becoming the first country in the world to do .........**
**भारत ने अपनी राष्ट्रीय कृषि-वानिकी नीति कब अपनाई, जिससे ऐसा करने वाला वह दुनिया का पहला देश बन गया?**

(a) 2012 (b) 2019
(c) 2017 (d) 2014

**Ans. (d) :** भारत ने 2014 में अपनी राष्ट्रीय कृषि-वानिकी नीति (National Agroforestry Policy) अपनाई, जिससे वह ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति का उद्देश्य किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक लाभ के लिए कृषि वानिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**6. Which district in Uttar Pradesh has the highest literacy rate (80.12%) as per Census 2011?**
**उत्तर प्रदेश के किस जिले में जनगणना 2011 के अनुसार साक्षरता दर (80.12%) सर्वाधिक है?**

(a) Kanpur Nagar/कानपुर
(b) Lucknow/लखनऊ
(c) Ghaziabad/गाजियाबाद
(d) Gautam Buddha Nagar/गौतम बुद्ध नगर

**Ans. (d) :** जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक साक्षरता दर वाले 5 जिले-
1- गौतमबुद्ध नगर (80.12%)
2- कानपुर नगर (79.71%)
3- औरैया (78.95%)
4- इटावा (78.41%)
5- गाजियाबाद (78.1%)

**न्यूनतम साक्षरता दर वाले 5 जिले-**
1- श्रावसी (46.74%)
2- बहराइच (49.4%)
3- बलरामपुर (49.51%)
4- बदायूं (51.3%)
5- रामपुर (53.34%)

**7. What was India's global rank in the mid-2025 Numbeo Safety Index?**
**2025 के मध्य में न्यूमबियों सुरक्षा सूचकांक में भारत का वैश्विक रैंक क्या था?**

(a) 53rd/53 वाँ (b) 67th/67 वाँ
(c) 45th/45 वाँ (d) 82nd/82 वाँ

**Ans. (b) :** न्यूमबियो सुरक्षा सूचकांक की स्थापना 2009 में की गयी थी जिसका उद्देश्य शहरों और देशों में जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और लागत पर क्राउडसोर्स डेटा (जनता द्वारा दिए गए डेटा) का एक वैश्विक प्लेटफार्म तैयार करना है। न्यूमबियों सुरक्षा सूचकांक 2025 में भारत का वैश्विक रैंक 67 था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात शीर्ष स्थान पर तथा हैथी अंतिम स्थान पर था।

**8. Which city of Uttar Pradesh is famous for Banarasi Silk weaving?**
**उत्तर प्रदेश का कौन-सा शहर बनारसी रेशम बुनाई के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) Lucknow/लखनऊ (b) Varanasi/वाराणसी
(c) Mathura/मथुरा (d) Agra/आगरा

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश का वाराणसी शहर रेशम बुनाई के लिये प्रसिद्ध है। रेशम बुनाई इस शहर की संस्कृति और उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लखनऊ चिकनकारी के लिए प्रसिद्ध है। वाराणसी प्राचीन काल से बेहतरीन हस्तशिल्पों के लिये एक प्रमुख केन्द्र के रूप में विख्यात है।

**9. What type of economy does India have?**
**भारत की अर्थव्यवस्था किस प्रकार की है?**

(a) Socialist Economy/समाजवादी
(b) Mixed Economy/मिश्रित अर्थव्यवस्था
(c) Capitalist Economy/पूँजीवादी अर्थव्यवस्था
(d) Market Economy/बाजार अर्थव्यवस्था

**Ans. (b) :** भारत में मिश्रित अर्थव्यस्था है, इसमें निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों का सह-अस्तित्व होता है। जिसका लक्ष्य आर्थिक विकास के साथ-साथ समाजिक कल्याण को संतुलित करना है।

**10. NITI Aayog replaced which former institution?**
**नीति (NITI) आयोग ने किस पूर्व संस्थान का स्थान लिया है?**

(a) SEBI/सेबी
(b) Election Commission/निर्वाचन आयोग
(c) Planning Commission/योजना आयोग
(d) RBI/आरबीआई

**Ans. (c) :** नीति (NITI) आयोग ने योजना आयोग पूर्व संस्थान का स्थान 2015 में लिया। यह संस्थान सरकार के 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करती है जिसके पदेन अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री होता है।

**11. In which year was the Vijayanagara Kingdom founded?**
**विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?**

(a) 1346 (b) 1336
(c) 1356 (d) 1366

**Ans. (b) :** विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 1336 ई. में हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाइयों ने की थी। इन्होंने तुंगभद्रा नदी के तट पर विजयनगर की स्थापना की और अपने पिता संगम के नाम पर संगम वंश की स्थापना की। इसकी राजधानी हम्पी तथा राजभाषा तेलुगू थी।

**12. Which of the following is a non-renewable source of energy?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा का एक गैर-नवीकरणीय स्रोत है?**

(a) Crude Oil/कच्चा तेल
(b) Solar Energy/सौर ऊर्जा
(c) Wind/पवन
(d) Biomass/जैवभार

**Ans. (a) :** ऊर्जा का वह स्रोत जो समय के साथ समाप्त हो जायेगा, उसे गैर- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत कहा जाता है। जीवाश्म ईंधन गैस, कच्चा तेल, कोयला इत्यादि गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उदाहरण है।

**13. On the banks of which river was Harappa situated?**
**हड़प्पा किस नदी के तट पर स्थित था?**

(a) Krishna/कृष्णा (b) Ganga/गंगा
(c) Ravi/रावी (d) Chitravathi/चित्रावती

**Ans. (c) :** सैंधव सभ्यता के प्रमुख स्थल जो नदियों के किनारें स्थित है-

| प्रमुखस्थल | | नदी |
|---|---|---|
| हड़प्पा | - | रावी |
| लोथल | - | भोगवा |
| धौलावीरा | - | लूनी |
| आलमगीरपुर | - | हिंडन |
| मोहनजोदड़ो | - | सिंधु |
| चन्हूदड़ो | - | सिंधु |
| कालीबंगा | - | घग्घर |
| मांडा | - | चेनाब |

**14. What is the Chief Executive Officer of the National Human Rights Commission called?**
**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को क्या कहा जाता है?**

(a) Director General/महानिदेशक
(b) Secretary General/महासचिव
(c) President/राष्ट्रपति
(d) Chief Justice/मुख्य न्यायाधीश

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वतंत्र वैधानिक संस्थान है, जिसकी स्थापना मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम् 1993 के तहत 12 अक्टूबर, 1993 को की गई थी। इसमें एक अध्यक्ष पाँच पूर्णकालिक सदस्य तथा दो डीम्ड सदस्य होते हैं। अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष या 70 वर्ष की उम्र तक, जो भी पहले हो तक होता है। इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) को महासचिव कहा जाता है।

**15. Nagi Bird Sanctuary which was declared as a new Ramsar Site, is located in which state?**
**नागी पक्षी अभयारण्य जिसे नया रामसर स्थल घोषित किया गया है, वह किस राज्य में स्थित है?**

(a) Maharashtra/महाराष्ट्र (b) Bihar/बिहार
(c) Tamil Nadu/तमिलनाडु (d) Rajasthan/राजस्थान

**Ans. (b) :** नागी पक्षी अभयारण्य को वर्ष 2024 में 81वें रामसर स्थल के रूप में घोषित किया गया है, बिहार राज्य के जमुई जिले में स्थित है। यह मानव निर्मित आद्रभूमि है, जिसे मुख्यतः बांध के निर्माण के माध्यम से सिंचाई के लिये विकसित किया गया था।

**16. What is the term for the unauthorized or illegal settlement in an area, typically on land not owned by the settlers?**
**किसी क्षेत्र में अनधिकृत या अवैध बस्ती के लिए क्या शब्द है, जो सामान्यतः उस भूमि पर होती है जो बसने वालों के स्वामित्व में नहीं होती है?**

(a) Homesteading/होमस्टेडिंग
(b) Urbanization/अर्बनायज़ैशन
(c) Squatter Settlement/स्क्वॉटर सेटलमेंट
(d) Gentrification/जेन्ट्रीफिकेशन

**Ans. (c) :** किसी क्षेत्र में अनधिकृत या अवैध बस्ती के लिये एक शब्द स्कवॉटर सेटलमेंट है,जो सामान्यतः उस भूमि पर होती है। जो बसने वालों के स्वामित्व में नहीं होती है।

**17. Who wrote the book "Kore Kagaz"?**
**'कोरे कागज' पुस्तक किसने लिखी?**

(a) Amrita Pritam/अमृता प्रीतम
(b) Anita Desai/अनीता देसाई
(c) Kiran Desai/किरण देसाई
(d) Arundhati Roy/अरुंधति रॉय

**Ans. (a) :**

| पुस्तक | | लेखक |
|---|---|---|
| कोरे कागज | - | अमृता प्रीतम |
| फॉस्टिंग फीस्टिंग | - | अनीता देसाई |
| द लोनेलीनेस ऑफ सोनिया एंड सनी | - | किरन देसाई |
| मदर मेरी कम्स टू मी | - | अरुंधति रॉय |

**18. Myspace was launched in which year?**
**माइस्पेस किस वर्ष लॉन्च किया गया था?**

(a) 2003 (b) 2007
(c) 2006 (d) 2009

**Ans. (a) :** माइस्पेस (Myspace) को अगस्त 2003 में लाँच किया गया था तथा यह 2005 से 2009 तक दुनिया का सबसे बड़ा सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बन गया, जो संगीत कलाकारों और व्यक्तिगत प्रोफाइल कस्टमाइजेशन के लिए लोकप्रिय था।

**19. Who wrote the book "Animal Farm"?**
**''एनिमल फार्म'' पुस्तक किसने लिखी?**

(a) Winston Churchill/विंस्टन चर्चिल
(b) William Shakespeare/विलियम शेक्सपियर
(c) George Orwell/जॉर्ज ऑरवेल
(d) Charles Dickens/चार्ल्स डिकेंस

**Ans. (c) :** विभिन्न पुस्तक एवं उनके लेखक

| पुस्तक | | लेखक |
|---|---|---|
| एनिमल फार्म | - | जॉर्ज ऑरवेल |
| द हैमलेट | - | विलियम शेक्सपियर |
| ओलिवर हविस्ट | - | चार्ल्स डिकेंस |
| माई अर्ली लाइफ | - | विंस्टन चर्चिल |

**20. Who is the founder of 'Tiktak'?**
**टिकटॉक के संस्थापक कौन हैं?**

(a) Evan Speigel/इवान स्पीगल
(b) Zhang Yiming/झांग यिमिंग
(c) Kevin Systrom/केविन सिस्ट्रॉम
(d) Ben Silbermann/बेन सिलबरमैन

**Ans. (b) :**

| सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म | | संस्थापक |
|---|---|---|
| टिकटॉक | - | झांग यिमिंग |
| फेसबुक (मेटा) | - | मार्क जुकरबर्ग |
| गूगल | - | लैरी पेज, सरगेई ब्रिन |
| टेलीग्राम | - | पॉवेल डूरोव |
| अरटटई | - | श्रीधर वेम्बू |

**21. When is "World Hearing Day" celebrated?**
**''विश्व श्रवण दिवस'' कब मनाया जाता है?**

(a) May 11/11 मई
(b) December 4/4 दिसम्बर
(c) September 1/1 सितम्बर
(d) March 3/3 मार्च

**Ans. (d) :**

| तिथि | | दिवस |
|---|---|---|
| 3 मार्च | - | विश्व श्रवण दिवस |
| 4 दिसम्बर | - | भारतीय नौसेना दिवस |
| 11 मई | - | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस |
| 1 सितम्बर | - | राष्ट्रीय पोषण दिवस |

**22. The Department of Scientific and Industrial Research (DSIR) was established in the year**
**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) की स्थापना वर्ष ______ में हुई थी।**

(a) 1981 (b) 1985
(c) 1988 (d) 1998

**Ans. (b) :** भारत में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएस आई आर) की स्थापना 4 जनवरी, 1985 को राष्ट्रपति की अधिसूचना के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास उपयोग और हस्तांतरण को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

**23. Who invented X-rays?**
**एक्स-रे का आविष्कार किसने किया?**

(a) Chester Carlson/चेस्टर कार्लसन
(b) Henrik Dam/हेनरिक डैम
(c) Wilhelm Conrad Roentgen
विल्हेल्म कॉनरैड रॉएंटजन
(d) Sir J.A. Fleming/सर जे.ए. फ्लेमिंग

**Ans. (c) :**

| आविष्कार | | आविष्कारक |
|---|---|---|
| एक्स रे | - | विल्हेल्म कॉनरैड रॉएंटजन |
| पेनिसिलिन | - | सर जे.ए. फ्लेमिंग |
| बैरोमीटर | - | ई. टौरसेली |
| क्रेस्कोग्राफ | - | जे. सी. बोस |
| डायनेमो | - | माइकल फैराडे |

**24. Bern is the capital of which country?**
**बर्न किस देश की राजधानी है?**

(a) Europe/यूरोप
(b) Ankara/अंकारा
(c) Switzerland/स्विट्जरलैंड
(d) Denmark/डेनमार्क

**Ans. (c) :**

| देश | | राजधानी |
|---|---|---|
| स्विटजरलैंड | - | बर्न |
| तुर्की (तुर्किए) | - | अंकारा |
| डनेमार्क | - | कोपनहेगेन |
| नार्वे | - | ओस्लो |
| रूस | - | मास्को |

**25. What is the GST rate on Tobacco leaves?**
**तंबाकू के पत्तों पर जीएसटी (GST) दर क्या है?**

(a) 5% (b) 10%
(c) 3% (d) 2%

**Ans. (a) :** तंबाकू के पत्तों पर आमतौर पर 5% जीएसटी (GST) लगता है, खासकर रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (RCM) के तहत लेकिन थ्रेस्ड और रीड्राइड तंबाकू के पत्तों पर 28% GST और क्षतिपूर्ति उपकर (Compensation Cess) भी लग सकता है, जबकि अन्य तंबाकू उत्पादों (सिगरेट, गुटका) पर 28% GST के साथ भारी सेस लगता है।

**26. Under which Article of the Indian Constitution can a High Court issue writs for the protection of Fundamental Rights?**
**भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत उच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों के संरक्षण कें लिए रिट जारी कर सकता है?**

(a) Article-224/अनुच्छेद 224
(b) Article-226/अनुच्छेद 226
(c) Article-222/अनुच्छेद 222
(d) Article-228/अनुच्छेद 228

**Ans. (b) :**

| **अनुच्छेद** | **प्रावधान** |
|---|---|
| अनुच्छेद-226 | - उच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए रिट जारी कर सकता है। |
| अनुच्छेद-228 | - कुछ मामलों का उच्च न्यायालय को अंतरण। |
| अनुच्छेद-224 | - अपर और कार्यकारी न्यायाधीशों की नियुक्ति। |
| अनुच्छेद-222 | - किसी न्यायाधीश का एक उच्च न्यायालय से दूसरे न्यायालय का अंतरण। |

**27. Which country won its maiden Thomas Cup title on 15 May, 2022?**
**15 मई 2022 को किस देश ने अपना पहला थॉमस कप खिताब जीता?**

(a) Malaysia/मलेशिया (b) India/भारत
(c) Singapore/सिंगापुर (d) Japan/जापान

**Ans. (b) :** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने 15 मई 2022 को इंडोनेशिया को हराकर पहला थॉमस कप खिताब जीता। थॉमस कप 1939 में सर जॉर्ज थॉमस द्वारा पुरुषों की इंटरनेशनल टीम प्रतियोगिताओं हेतु शुरू किया गया था। जिसे इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन (IBF) द्वारा प्रबंधित किया जाता है। पहला टूर्नामेंट 1948-49 में हुआ था तथा यह दो साल में आयोजित किया जाता है।

**28. What is the GST state code for Meghalaya?**
**मेघालय की जीएसटी (GST) राज्य कोड क्या है?**

(a) 14 (b) 16
(c) 15 (d) 17

**Ans. (d) :**

| **राज्य का नाम** | **जीएसटी (GST) कोड** |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 09 |
| बिहार | 10 |
| मणिपुर | 14 |
| मिजोरम | 15 |
| त्रिपुरा | 16 |
| मेघालय | 17 |

**29. What is the capital of Tajikistan**
**ताजिकिस्तान की राजधानी क्या है?**

(a) Taipei/ताइपे (b) Bangkok/बैंकॉक
(c) Dushanbe/दुशांबे (d) Lome/लोमे

**Ans. (c) :**

| **देश** | **राजधानी** |
|---|---|
| ताजिकिस्तान | दुशाबे |
| ताइवान | ताइपे |
| टोगो | लोमे |
| थाईलैंड | बैंकॉक |

**30. When is "International Day of Non-Violence" celebrated?**
**''अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस'' कब मनाया जाता है?**

(a) November 21/21 नवंबर
(b) October 2/2 अक्टूबर
(c) September 22/22 सितंबर
(d) February 14/14 फरवरी

**Ans. (b) :**

| **तिथि** | | **दिवस** |
|---|---|---|
| 2 अक्टूबर | - | अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस |
| 22 सितम्बर | - | विश्व गैंडा दिवस |
| 21 नवम्बर | - | विश्व दूरदर्शन (टेलीविजन) दिवस |
| 14 फरवरी | - | पुलवामा शहीद स्मृति दिवस |

**31. In December 2021, who among the following was named as Time Magazine's Athlete of the Year 2021?**
**दिसंबर 2021 में, निम्नलिखित में से किस टाइम पत्रिका के 2021 के सर्वश्रेष्ठ एथलीट (एथलीट ऑफ द ईयर) का खिताब दिया गया?**

(a) Lionel Messi/लियोनेल मेसी
(b) Lewis Hamilton/लुईस हैमिल्टन
(c) Simone Biles/सिमोन बाइल्स
(d) Naomi Osaka/नाओमी ओसाका

**Ans. (c) :** टाइम मैगजीन ने अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को दिसंबर 2021 में, उन्हें मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता और अपनी खेल उपलब्धियों के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट (एथलीट ऑफ द ईयर) का खिताब दिया गया, जबकि ए'जा विल्सन (A'JA Wilson) को 2025 के सर्वश्रेष्ठ एथलीट के रूप में नामित किया है।

**32. Who is the author of the book "Panchatantra"?**
**''पंचतंत्र'' पुस्तक के लेखक कौन है?**

(a) Bhasa/भास
(b) Kalidasa/कालिदास
(c) Shudraka/शूद्रक
(d) Vishnu Sharma/विष्णु शर्मा

**Ans. (d) :**

| **लेखक** | | **पुस्तक** |
|---|---|---|
| विष्णुशर्मा | - | पचतंत्र |
| शूद्रक | - | मृच्छकटिकम् |
| कालिदास | - | कुमारसंभवम्, मेघदूत |
| भास | - | उरुभंग |

**33. Who heads the administrative division in Uttar Pradesh?**
**उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक प्रभाग का प्रमुख कौन होता है?**
(a) Sub-Divisional Magistrate
उप-विभागीय मजिस्ट्रेट
(b) Divisional Commissioner/मंडलायुक्त
(c) District Magistrate/जिलो मजिस्ट्रेट
(d) Tehsildar/तहसीलदार

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक प्रभाव का प्रमुख मंडलायुक्त/संभागीय आयुक्त (Divisonal Commissioner) होता है। वह अपने प्रभाग के अन्दर राजस्व प्रशासन, कानून और व्यवस्था बनाये रखने और बुनियादी ढाँचे के विकास सहित स्थानीय सरकारी संस्थानों का प्रमुख होता है।

**34. What was the primary objective of Operation Muskaan- XI, conducted in Telangana in July 2025?**
**जुलाई 2025 में तेलंगाना में चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान XI का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?**
(a) To rescue children from, exploitative and hazardous conditions/बच्चों को शोषणकारी और खतरनाक परिस्थितियों से बचाना
(b) To provide vaccinations in rural areas/ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण प्रदान करना
(c) To curb drug trafficking/नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना
(d) To eliminate bonded labour among adults/वयस्कों में बंधुआ मजदूरी को समाप्त करना

**Ans. (a) :** जुलाई 2025 में तेलंगाना में चलाये गये ऑपरेशन मुस्कान-XI का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों को शोषणकारी और खतरनाक परिस्थितियों से बचाना था। यह अभियान राज्य पुलिस, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और गैर-सरकारी विद्यार्थियों की सहायता से संचालित किया गया।

**35. Code Red is a type of ______ .**
**कोड रेड एक प्रकार का _______है।**
(a) Computer virus/कंप्यूटर वायरस
(b) Photo editing software/फोटो एंडिटिंग सॉफ्टवेयर
(c) Video editing software/वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर
(d) Antivirus program/एंटीवायरवस प्रोग्राम

**Ans. (a) :** कोड रेड एक प्रकार का कंप्यूटर वायरस है, जिसे जुलाई 2001 को इंटरनेट पर देखा गया था। इसने माइक्रोसॉफ्ट के आई.आई.एस. वेब सर्वर पर चलने वाले कंप्यूटरों पर हमला किया।

**36. Which of the following states does not share a border with Bhutan?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भूटान के साथ सीमा साझा नहीं करता है?**
(a) West Bengal/पश्चिम बंगाल
(b) Sikkim/सिक्किम
(c) Assam/असम
(d) Manipur/मणिपुर

**Ans. (d) :** भूटान पूर्वी हिमालय में स्थित एक भू-आबद्ध देश है। इसकी सीमायें विभिन्न भारतीय राज्यों, जैसे असम, सिक्किम, पश्चिम बंगाल तथा अरुणाचल प्रदेश से लगती है, जबकि मणिपुर से इसकी सीमा नहीं लगती है।

**37. Which Indian state does not share a border with China?**
**कौन-सा भारतीय राज्य चीन के साथ सीमा साझा नहीं करता है?**
(a) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(b) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(c) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश
(d) Sikkim/सिक्किम

**Ans. (a) :** चीन के साथ सीमा साझा करने वाले भारतीय राज्यों में लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम तथा अरुणाचल प्रदेश शामिल है। जबकि उत्तर प्रदेश बिहार, पश्चिम बंगाल तथा असम जैसे राज्य चीन के साथ सीमा साझा नहीं करते। चीन भारत के साथ लगभग 3488 किमी. की सीमा साझा करता है।

**38. When was the "International Olympic Committee" formed?**
**''अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति'' का गठन कब हुआ था?**
(a) 1886 (b) 1890
(c) 1924 (d) 1894

**Ans. (d) :** अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना 1894 ई. में हुई थी। इसका मुख्यालय लुसाने, स्विट्जरलैण्ड में स्थित है। इसकी अधिकारिक भाषा अंग्रेजी एवं फ्रेंच है।
अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की पहली भारतीय महिला सदस्य नीति अंबानी है।

**39. Which organization brings together global leader to discuss economic and social issues at its annual meeting in Davos, Switzerland?**
**कौन-सा संगठन स्विट्जरलैंड के दावोस में अपनी वार्षिक बैठक में आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के लिए वैश्विक अग्रणी लोगों को एक साथ लाता है?**
(a) World Economic Forum/विश्व आर्थिक मंच
(b) International Monetary Fund/अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(c) G20/जी 20
(d) United Nations/संयुक्त राष्ट्र

**Ans. (d) :** विश्व आर्थिक मंच (WEF) की स्थापना 1971 में जर्मन प्रो. क्लास श्वाब ने यूरोपीय प्रबंधन मंच के तौर पर की थी, जिसे 1987 में इस का नाम बदलकर विश्व आर्थिक मंच कर दिया गया। इसका मुख्यालय स्विटजरलैण्ड के जिनेवा में स्थित है, लेकिन दावोस में अपनी वार्सिक बैठक में आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के लिये वैश्विक अग्रणी लोगों को एक साथ लाता हैं
* इस संगठन द्वारा प्रकाशित रिपोर्टो में वैश्विक जोखिम रिपोर्ट, वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोट, वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, ऊर्जा संक्रमण सूचकांक रिपोर्ट शामिल है।

**40. In computer networks, the encryption techniques are primarily used for improving the ________ .**
**कंप्यूटर नेटवर्क में, एन्क्रिप्शन तकनीकों का उपयोग मुख्य रूप से _______ को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है।**
(a) Authorized access/अधिकृत एक्सेस
(b) Performance /प्रदर्शन
(c) Security/सुरक्षा
(d) Knowledge/ज्ञान

**Ans. (c) :** कंप्यूटर नेटवर्क में, एन्क्रिप्शन तकनीकों का उपयोग मुख्य रूप से सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिये किया जाता है। एन्क्रिप्शन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग संवेदनशील जानकारी को एक सुरक्षित प्रारूप के परिवर्तित करके उसकी सुरक्षा के लिये किया जाता है, जिसे केवल वही व्यक्ति पढ़ या डिक्रिप्ट कर सकते है, जिसके पास उपयुक्त डिक्रिप्शन कुंजी हो।

**41. If the signs '+' and '×' are interchanged, then which one of the following four equations would be correct?**
**यदि चिह्न '+' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित चार समीकरणों में से कौन-सा सही होगा?**

(a) 450 ÷ 30 × 25 + 13 – 235 = 145
(b) 36 + 5 – 560 ÷ 20 × 256 = 365
(c) 12 + 52 ÷ 24 × 256 – 87 = 195
(d) 125 ÷ 5 × 56 + 23 – 456 = 345

**Ans. (c) :** विकल्प (c) में दिए गए समी.' 12+52÷24×256-87=195' में चिह्न '+' और '×' को परस्पर बदलने पर-

⇒ 12×52÷24+256-87 = 195

$\Rightarrow 12\times\frac{52}{24}+256-87=195$

⇒ 26+256-87 = 195
⇒ 282-87 = 195
⇒ 195 = 195
L.H.S = R.H.S

**42. Observe the arrangement of the series of letters "CANTFIBAR". The logical arrangement can give which of the following meaningful words?**
**"CANTFIBAR" अक्षरों की श्रृंखला की व्यवस्था पर ध्यान दीजिए। तार्किक व्यवस्था निम्नलिखित में से कौन-सा अर्थपूर्ण शब्द दे सकती है?**

(a) CABRANTIF (b) FABRICANT
(c) BIFARCANT (d) RANTIFCAB

**Ans. (b) :** दी गई अक्षर श्रृंखला 'CANTFIBAR' से विकल्प (b) में दिया शब्द 'FABRICANT' अर्थपूर्ण शब्द दे सकती है। जिसका अर्थ होगा- निर्माता

**43. In the given letter series, some of the letters are missing. The missing letters are given in he correct series as one of the options in this question. Choose the correct option for the series.**
**दी गई अक्षर श्रृंखला में कुछ अक्षर लुप्त हैं। लुप्त अक्षर इस प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से एक के रूप में सही क्रम में दिए गए हैं।**
**श्रृंखला के लिए सही विकल्प चुनिए।**
**BY __ NCW __ MBYH __ CW __ MB __ HN __ WKM**

(a) HNBYKM (b) HKNKYC
(c) HKMCWM (d) HNCWKM

**Ans. (b) :** दी गई अक्षर श्रृंखला निम्नवत् है-
BY **H** NCW **K**M/BYH **N** CW **K** M/B**Y** HN**C**WKM
अतः रिक्त स्थान पर HKNKYC होगा।

**44. If A$B = 2A + 3B + 20, then calculate the value of 7$3.**
**यदि A$B = 2A + 3B + 20, तो 7$3 के मान की गणना कीजिए।**

(a) 31 (b) 49
(c) 37 (d) 43

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार,
∵ A $ B = 2A + 3B+ 20
∴ 7 $ 3 = 2×7+3×3+20
= 14+9+20
= 43

**45. You are facing East. First, you turn 180 degrees clockwise, then 90 degrees counterclockwise, then 45 degrees clockwise and finally 90 degrees counterclockwise. Which direction are you facing now?**
**आपका मुँह पूर्व की ओर है। पहले आप 180 डिग्री दक्षिणावर्त, फिर 90 डिग्री वामावर्त, फिर 45 डिग्री दक्षिणावर्त और अंत में 90 डिग्री वामावर्त घूमते हैं। अब आपका मुँह किस दिशा की ओर है?**

(a) South-east/दक्षिण-पूर्व
(b) South-west/दक्षिण-पश्चिम
(c) North-east/उत्तर-पूर्व
(d) North-west/उत्तर-पश्चिम

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार,




अतः अन्त में आपका मुँह दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर है।

**46. Find the missing number in the given series.**
**दी गई श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।**
**480, 576, 691.2, ______, 995.328, 1194.3936, 1433.27232**

(a) 829.44 (b) 898.56
(c) 673.92 (d) 746.496

**Ans. (a) :** दी गई संख्या श्रृंखला निम्नवत् है-




अतः ? = 829.44

**47. A person walks 7 km East, then turns 90 degrees to the right and walks 8 km, then turns left and walk 5 km. In which direction is the person now from the starting point?**
**एक व्यक्ति 7 किमी पूर्व की ओर चलता है, फिर 90 डिग्री दाईं ओर मुड़कर 8 किमी चलता है, फिर बाईं ओर मुड़कर 5 किमी चलता है। अब वह व्यक्ति प्रारंभिक बिंदु से किस दिशा में है?**

(a) North-east/उत्तर-पूर्व
(b) South-west/दक्षिण-पश्चिम
(c) North-west/उत्तर-पश्चिम
(d) South-east/दक्षिण-पूर्व

**Ans. (d) :** व्यक्ति का गमनपथ निम्नवत् है-




अतः व्यक्ति अपने प्रा. बिन्दु से दक्षिण-पूर्व दिशा में है।

**48. Identify the correct option that indicates the number of times each letter appears in the given word "LABIALIZATION".**
**दिए गए शब्द "LABIALIZATION" में प्रत्येक अक्षर कितनी बार आया है, यह दर्शाने वाले सही विकल्प को पहचानिए।**

(a) $L_2\ A_2\ B_2\ I_3\ Z_1\ T_1\ O_1\ N_1$
(b) $L_2\ A_4\ B_1\ I_3\ Z_2\ T_1\ O_1\ N_1$
(c) $L_2\ A_3\ B_1\ I_2\ Z_1\ T_1\ O_1\ N_2$
(d) $L_2\ A_3\ B_1\ I_3\ Z_1\ T_1\ O_1\ N_1$

**Ans. (d) :** दिए गए शब्द 'LABIALIZATION' में आने वाले अक्षर–

$\Rightarrow L_2A_3B_1I_3Z_1T_1O_1N_1$

अतः विकल्प (d) सही है।

**49. Read the following question and statements carefully and determine which of the statements is sufficient to answer the question.**
**निम्नलिखित प्रश्न और कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निर्धारित कीजिए कि कौन-सा कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।**

**Question:/प्रश्नः**

**What is the total number of A's siblings?**
**A के भाई-बहनों की कुल संख्या कितनी है?**

**Statements:/कथनः**

**I. A has two brothers and one sister.**
**A के दो भाई और एक बहन है।**

**II. A is the youngest child in the family.**
**A परिवार में सबसे छोटा बच्चा है।**

(a) Neither I nor II is sufficient/न तो I और न ही II पर्याप्त है।
(b) I alone is sufficient while II alone is not sufficient/केवल I पर्याप्त है जबकि केवल II पर्याप्त नहीं है।
(c) Either I or II alone is sufficient/या तो केवल I या केवल II पर्याप्त है।
(d) II alone is sufficient while I alone is not sufficient/केवल II पर्याप्त है जबकि केवल I पर्याप्त नहीं है।

**Ans. (b) :** दिए गए कथन (I) के अनुसार A के दो भाई और एक बहन है।

अतः उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन I पर्याप्त है जबकि केवल II पर्याप्त नहीं है।

**50. The word "______" cannot be formed using the letters from "EMERGING" without exceeding the number of times each letter appears.**
**शब्द "______" को "EMERGING" के अक्षरों का प्रयोग करके प्रत्येक अक्षर के आने की संख्या से अधिक बार उपयोग किए बिना नहीं बनाया जा सकता।**

(a) MINGAR (b) GERMING
(c) REGIMEN (d) GREEING

